## भामाशाह रामरती देवी ने सीएचसी व पीएचसी केंद्रों पर गर्मी से बचाव के लिए मरीजों के लिए वाटर कुलर किए भेंट



मरुधर विशेष



**बहरोड़।(धर्मेन्द्र चार्खिया)** क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के कारण अस्पताल में मरीजों को परेशानी नहीं हो,इसको देखते हुए भामाशाह रामरती देवी भाविक मेडिकल बहरोड़ ने बहरोड़ भीटेड़ा, माजरी, दूघेड़ा,अनंतपूरा, तसींग,गंडाला ,झझारपुर सहित आधा दर्जन से अधिक सीएचसी, पीएचसी केंद्रों में मरीजों के लिए वाटर कूलर भेंट किए,जहां पर स्टाफ ने भामाशाह का स्वागत किया और आभार जताया।

# विश्व हिंदू परिषद का घर वापसी कार्यक्रम मोर में ढाडी मिरासी समाज की 7 ढाणीयों से 31परिवार के 164 जनों की घर वापसी

## क्षेत्र में अल्पसंख्यक परिवारों ने अपनाया हिंदू धर्म

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: गढ़ी में विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के तत्वावधान में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर मोर गांव स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विशाल धार्मिक अनुष्ठान के तहत स्थानीय व आस पास के क्षेत्र के ढाड़ी मिरासी समाज की 7 ढाणीयों से 31 परिवारों के 164 अल्पसंख्यक सदस्यों ने सनातन हिंदू धर्म में घर वापसी कर हिंदू धर्म अपनाया ललित सावरिया ने बताया की सर्व सनातन हिंदू समाज द्वारा सामूहिक यज्ञ हवन, हनुमान चालीसा पाठ,देव दर्शन,संतो के प्रवचन एवम महाआरती कर महाप्रसाद का आयोजन रखा गया । इस अवसर पर भारत माता मंदिर के रामस्वरूप महाराज ने अपने आशिर्वचनो में कहा कि आने वाले समय में देश के अंदर जो धर्मांतरित लोग हे जो असमज में बीच मझधार में फंसे हुए हे जो ना पूर्ण हिंदू है और ना ही पूर्ण मुसलमान है ऐसे लोग धीरे-धीरे कर सनातन धर्म को ही अपना आदर्श मानकर उसे अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हे और आगे भी होते रहेंगे इसी श्रेणी में आज रेबारी समाज के साथ रहने वाले मिरासी ढाडी परिवार जो पिछले कई सालों से वंचित व



शोषित परिवार के रूप में रहा है पूर्व काल में इन्हें मुस्लिम धर्म के लिए प्रेरित किया गया था जो 70 प्रतिशत मुस्लिम जीवन शेली और 30 प्रतिशत हिंदू आस्था को अपना कर जीवन यापन कर रहे थे मगर आज से मीरासी ढाडी समाज के लोग पूर्ण हिंदू धर्म को अपनाकर भैरव जी को इष्ट मानकर पूजा अर्चना करेंगे और अब से वह पूर्ण रूप से हिंदू ढाडी समाज ही रहेंगे सरकार द्वारा ऐसे समाज के लोगो को और उनके बच्चों के लिए उचित स्थान का दर्जा दिलाया जाएगा। मिरासी ढाडी परिवार जो वागड़ क्षेत्र बांसवाड़ा डूंगरपुर में निवासरत है ऐसे कई परिवारों ने आज सर्व सनातन हिंदू समाज के साथ मिलकर हवन यज्ञ में आहुति देकर पूर्ण रूप से हिंदू सनातन धर्म को स्वीकार कर रामस्वरूप महाराज व स्वामी विवेकानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में डॉ. स्वामी विवेकानंद महाराज ने कहा की इस धरती पर वर्तमान में जितने भी धर्म है भूतकाल में षड्यंत्र के तहत सनातन धर्म से अलग करके बनाए गए हे भूतकाल में सभी का मूल धर्म सनातन धर्म ही था और भविष्य में भी सभी को सनातन धर्म की और आना और अपनाना ही पड़ेगा । कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाहक अशोक सुथार ने अपने उद्बोधन में सर्व समाज को कुटुंब प्रबोधन, उपजाऊ भूमी संवर्धन,जैविक खेती, सामाजिक समरसता के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला विहिप के क्षेत्रीय धर्म प्रसार प्रमुख कैलाश जायसवाल ने बताया की आयोजन में रेबारी समाज की 16 ढाणियों से 53 लोग उपस्थित रहे आयोजन को सफल बनाने में हिंदू संगठन के 28 कार्यकर्ता लगे हुए थे आयोजन में सर्व सनातन हिंदू समाज के 500 प्रतिनिधि पारंपरिक वेश में उपस्थित रहे । कार्यक्रम में श्यामसुंदर शर्मा ,रमेश तेली लबाना समाज के गुरु भवानी नाथ महाराज भारत माता मंदिर के आचार्यों व गुरुकुलम के छात्रो ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर यज्ञ हवन में सामूहिक आहुतियां दिलवाई इस अवसर पर विस्तारक धर्मेंद्र भाई साहब,सुभाष भट्ट ,जयप्रकाश पाठक निर्भयनाथ रावल, हीरालाल रैबारी सुरपुर, रघुनाथ रैबारी भटवाड़ा, रैबारी समाज जिला अध्यक्ष लक्ष्मण की रैबारी लिंमोड़ ,अर्जुन रेबारी खेड़ा धणी पवन रेबारी बेड़वा धणी,रमेश डोडियार विश्व हिंदू प्रखंड अध्यक्ष, रामचंद्र जी पांचाल ,परेश टेलर, भंवर जी भीवड़ी प्रकाश जी रबारी बेडवा, राज रबारी डूंगरपुर ,प्रकाश रैबारी ,मोर लबाना समाज के प्रमुख मुखिया जी व शांतिलाल जी लबाना, धनराज जी लबाना, अवराज जी लबाना, भरत लबाना,दिगपाल सिंह जी पादडी बाला भाई पादडी मिरासी समाज के बद्रीनाथ भाई के सानिध्य में खेड़ा धणी सरेड़ी धणी,भटवाड़ा भुवासा पादडी आसपुर और रामगढ़ के मिरासी ढाडी समाज के लोगो ने नारियल हवन पूर्णाहुति कर हिंदू सनातन धर्म को स्वीकार किया आयोजन के पूर्णाहुति पर सर्व सनातन हिंदू समाज ने शांति पाठ किया तत्पश्चात महाआरती कर महाभोज में जातिगत भेद भाव को मिटाकर एक संगत एक पंगत के वाक्य को चरितार्थ करते हुए सामूहिक पंगत में बैठकर सर्व सनातन हिंदू समाज ने भोजन ग्रहण किया आयोजन में आए हुए सर्व सनातन हिंदू समाज एवम संतो का आभार विहिप के आशीष पटेल ने माना आयोजन में संचालन विधा सिंह निनामा ने किया

## श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज वागड़ चोखला की त्रैमासिक बैठक विद्या निकेतन परतापुर बोदिया में संपन्न हुई

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** वागड़ चोखला ग्राम इकाई परतापुर के सौजन्य से आयोजित इस त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता परतापुर समाज के अध्यक्ष सुधीर भट्ट ने की।मुख्य अतिथि वागड़ चोखला अध्यक्ष भूपेंद्र पंड्या रामसौर, विशिष्ट अतिथि कार्यकारी अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद जोशी पाँचवड़ा एवं अनिल पंड्या आंजना थे। अति विशिष्ट अतिथि दीपक त्रिवेदी डॉक्टर अशोक जोशी दिनेश जोशी लक्ष्मी दत्त उपाध्याय अशोक पंड्या,रविंद्र उपाध्याय,वासुदेव जोशी नंदकिशोर भट्ट एवं मणिलाल भट्ट थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के दौरान परतापुर त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति द्वारा दीप पूजन मंत्रोच्चार किया गया। समाज अध्यक्ष भूपेंद्र पंड्या द्वारा ध्यान व प्रार्थना करवाई गई। श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज वागड़ चोखला द्वारा



दिनांक 17 व 18 मई 2025 को अरथुना बालाजी हनुमान जी मंदिर परिसर में सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम पोरडा इकाई के सौजन्य से आयोजित किया जाएगा। जिसमें अब तक 15 बटुकों का पंजीयन हुआ है। साथ ही विराट स्तरीय अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी आयोजित होगा जो की 17 मई सांय 8:00 बजे होगा।बैठक में सभी 17 इकाइयों के अध्यक्ष

सुभाष भट्ट परतापुर, नरेश त्रिवेदी रामसौर, दिनेश भट्ट आंजना, अनिल उपाध्याय झडस, चंद्रकांत जोशी जेठाना, अशोक पाठक भीलूड़ा, नंदकिशोर पंड्या मोटी बस्सी डायालाल उपाध्याय कुशलकोट , प्रवीण जोशी पाँचवडा, पंकज पुरोहित पोरडा, प्रभाषणकर त्रिवेदी नवागांव, हितेश जोशी भगोरा, शैलेश जोशी दीवड़ा बड़ा,ने समाज को संबोधित किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में 17 गांव के पंच प्रतिनिधियों के साथ-साथ त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज परतापुर की समस्त मातृशक्ति उपस्थिति रही। मातृशक्ति का नेतृत्व करते हुए वंदना भट्ट ने समाज में महिलाओं के योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव अशोक पंड्या, दिनेश भट्ट ने किया।

## महावर वैश्य समाज का 30वा वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह 63 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

मरुधर विशेष

**बहरोड़ । (धर्मेन्द्र चर्खिया)** कस्बे के पुराना बस स्टैंड स्थित महावर भवन में रविवार को श्री महावर वैश्य समाज का 30वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 63 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।समारोह में पधारे अतिथियों द्वारा समाज प्रतिभावान छात्र छात्राओं जिन्होंने उच्च अंक प्राप्त किए उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया व प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित युवाओं और खेल, सांस्कृतिक व सामाजिक क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वालों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करने के बाद गणेश वंदना कर किया गया उसके बाद नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं जिसको देखकर उपस्थित लोगों ने तालिया बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली के घोंडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक अजय गुप्ता रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की कुंजी है। युवा



पीढ़ी अपने प्रयासों से समाज का नाम रोशन कर रही है युवा वर्ग से भी राजनीति में भी भागीदारी का आह्वान किया इसके साथ ही महिलाओं को भी राजनीति में आने की बात की । कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी बाबूलाल डाटा ने की उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है एवं ऐसे कार्यक्रम अन्य बच्चों को भी प्रेरणा देता है जो एक दूसरे के से सिख कर मेहनत कर आगे बढ़ते हैं ।
कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का महावर वैश्य समाज अध्यक्ष सीए मुकेश गुप्ता व समाज के पदाधिकारियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में भिवाड़ी,खैरथल,रेवाड़ी सहित आसपास के क्षेत्र से आए सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे जिनका भव्य स्वागत किया गया ।
कार्यक्रम में ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के एम गुप्ता, सीए एमडी डाटा, राकेश गुप्ता, डॉ पुष्कर गुप्ता, तहसीलदार मेघा गुप्ता, पूनम गुप्ता, सचिन गुप्ता, जीएसटी इंस्पेक्टर त्रिलोकचंद गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, शम्मी गुप्ता व राजाराम गुप्ता ने भी उपस्थित लोगो के मध्य अपने विचार रखे । इस दौरान धर्मार्थ ट्रस्ट अध्यक्ष एस सी गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता महिला मंडल अध्यक्ष आशा गुप्ता, धनवंती गुप्ता, सरोज गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सतीश गुप्ता, छत्रपाल गुप्ता, सचिन गुप्ता, वैश्य समाज अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, अग्रवाल अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन सतीश गुप्ता , विनिता गुप्ता और प्रीति गुप्ता ने किया।

## भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा समरसता पखवाड़ा अंतर्गत दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा समरसता पखवाड़ा के अंतर्गत आज अंबेडकर कॉलोनी में दीपोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में समरसता, एकता और भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष रेखा जोशी, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र अहारी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र सेठिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष नम्रता जैन, मंडल महामंत्री राघवेश चरपोटा, दिलीप टेलर उपाध्यक्ष ललिता सोनी, रमेश तलेसरा, नरेश गादिया, महेंद्र प्रताप सिंह झाला, महावीर कोठारी, राहुल सोनी, भावेश अहारी, मीना चौहान, रौनक टेलर, महेश राज भोई जगदीश चौहान, धीरज चौहान, संजय चौहान तथा रमेश जी चौहान धीरज चौहान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर समाज में समरसता का संदेश दिया गया। सभी वक्ताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

# बारात के दौरान बेकाबू कार ने मचाई तबाही, दर्जन भर हुए घायल

मरुधर विशेष

**कठूमर।** जिले के बहतू कला थाना क्षेत्र के जाडला गांव में एक शादी समारोह में उस समय मातम छा गया, जब बारात के दौरान एक दूल्हे वाली बेकाबू कार ने करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को कुचल दिया। यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब हिसार से आई बारात लड़की के घर पहुँचने ही वाली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दूल्हे की कार डीजे के पीछे चल रही थी। ड्राइवर गाड़ी की चाबी अंदर ही छोड़कर डीजे पर नाचने चला गया। इसी दौरान एक शराब के नशे में धुत बाराती ने गाड़ी स्टार्ट कर दी। नशे की हालत में उसने गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया और कार तेजी से भीड़ में घुस गई। गाड़ी ने एक के बाद एक कर छोटे बच्चों, महिलाओं, पुरुषों और यहां तक कि मवेशियों को भी अपनी चपेट में ले लिया।हादसे में लीली, कश्मीरा, उर्मिला, नरेश, लोकेश, राजेश और पूनी सहित दर्जनभर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें लोकेश की कमर में गंभीर चोट आई है, वहीं लगभग 70 वर्षीय पूनी के सिर में गहरी चोट लगी है। 26 वर्षीय राजेश को सिर, हाथ, पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को तत्काल कठूमर और लक्ष्मणगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत वालों को अलवर जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्रामीण सोनू ने बताया कि हादसे के वक्त सभी लोग सड़क से दूर खड़े थे, लेकिन कार की तेज रफ्तार और लापरवाही ने सबको चपेट में ले लिया।

सभी लोग सहमे हुए है , हालांकि सूचना के बाद नजदीकी थाना मौके पर पहुँचा ओर घायलों को अस्पताल में भिजवाया गया , लेकिन शराब सेवन और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार की एक बड़ी कीमत गांव वालों को चुकानी पड़ी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।







## पंजाबी समाज का आयोजित हुआ बैसाखी मेला, पंजाबी गीददा पर जमकर झूमे पंजाबी

मरुधर विशेष

**अलवर** ।अतुल्य श्री पंजाबी समाज अलवर, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा अलवर, समस्त पंजाबी समाज अलवर द्वारा आपसी भाईचारे का प्रतीक बैसाखी पर्व आज बैसाखी मेले के रूप मे निजी रिसोर्ट मे आयोजित हुआ । कार्यक्रम संयोजक बालकिशन आहूजा ने बताया कि मनोरंजन एवं रोमांच से भरपूर भव्य बैसाखी मेले मे टैटू आर्टिस्ट, रिंग टॉस, गुण शूटिंग, बाल गेम, बुन फायर जैसे गेम्स नें बाचो व परिवारों को मेले के रंग मे रंगने को मजबूर कर दिया का त्य समयानुसार शाम 6▲30 बजे से दीप प्रज्ज्वलन व गणपति वंदना के साथ कार्यक्रम का अगज हुआ । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कुमार बैरी अखिल भारतीय अधिकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अनुराग सरीन ज्वॉइंट कमिश्नर स्टेट जीएसटी जयपुर रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मुकेश अरोड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल पंजाबी समाज ने की 7 कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि अमित छाबड़ा अध्यक्ष राष्ट्रीय पंजाबी महासभा अलवर एवं अभिषेक तनेजा होंगे।

# गर्मी मे ठंडा पेयजल पिलाने से बढ़ा कोई पुण्य कार्य नहीं रमेश सचदेवा

मरुधर विशेष



**बावल सुनीता सैनी** बावल कस्बे में भारत विकास परिषद दुवरा दो जगहों पर वाटर कूलर लगाकर लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है पहले भी कई स्थानों पर वाटर कूलर लगाये गए हैं भारत विकास परिषद के सदस्य रमेश सचदेवा ने बताया कि उनकी शाखा देश भर में समाज हित के लिए अनेक सामाजिक कार्य करती रहती है इसी कड़ी में आज नई सब्जी मंडी और विद्युत निगम के पास वाटर कूलर लगाया है ताकि गर्मी में लोगों को ठंडा पानी मिल सके परिषद सदस्य डॉक्टर आर पी यादव ने बताया कि भारत विकास परिषद जरूरतमंद लोगों के लिए कपड़ा किताब व अनेक सामग्री उपलब्ध कराती रही है उन्होंने कहा कि वह जनहित के लिए अनेक कार्य देश भर में करती है शाखा द्वारा जगह-जगह अनेक सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना पेड़ लगाना वसफाई क्यों जरूरी है नशे से दूर रहना सहित अनेक सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं शहर मे भी भारत विकास परिषद द्वारा अनेक जनहित के लिए सामाजिक व धार्मिक कार्य करवाए गए हैं कस्बे में कई स्थानों पर परिषद द्वारा वाटर कूलर लगाए गए हैं दो जगह पर वाटर कूलर लगाया गया है जिसका उद्घाटन रमेश सचदेवा ने किया है इस अवसर पर रमेश सचदेवा उदयभान डॉक्टर आर पी यादव डॉक्टर दीपक सैनी डॉक्टर प्यारेलाल सैनी सभा के प्रधान दीनदयाल सैनी विजय यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे

# राजस्थान जनजाति कैबिनेट मंत्री खराड़ी जयपुर से कुशलगढ़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह तंवर के निवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** आज राजस्थान के जनजाति कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी जयपुर से कुशलगढ़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह तंवर के निवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे बाबूलाल खराड़ी स्व.सुरेंद्र सिंह तंवर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिजनों से बातचीत की उन्होंने कहा कि सुरेंद्र सिंह जी के निधन के समाचार मिलने पर बहुत दुख हुआ सुरेंद्र सिंह जी संघ के प्रचारक उदयपुर में कई वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में उन्होंने राजस्थान सहित पूरे देश में अपना नाम रोशन किया स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह तंवर के निधन का समाचार मिलने पर कई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के और विश्व हिंदू परिषद के कई बड़े पदाधिकारी सांसद और मंत्री उनके निवास पर श्रद्धांजलि देने कुशलगढ़ पहुंचे 15 अप्रैल को राज्यपाल महोदय गुलाबचंद कटारिया भी कुशलगढ़ सुरेंद्र सिंह तंवर के निवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे। इस अवसर पर तवर परिवार के आनंद सिंह तंवर प्रेम सिंह तंवर अर्जुन सिंह तंवर जगदीश तवर प्रशांत तंवर रितेश तंवर परिजन मौजूद थे कैबिनेट मंत्री के साथ भाजपा जिला महामंत्री दीपसिंह वसुनिया कुशलगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र अहारी भाजपा नगर मंडल पूर्व अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राघवेश चरपोटा पार्षद राहुल सोनी नरेश गादीया पार्षद महेंद्र शाह सहित मंत्री बाबूलाल खराड़ी की अगवानी की।

# भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भंडारी ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से मां वाड़ी लाने की बात करी



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ा:** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीतल भंडारी ने प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन राठौड़ से मिलकर बांसवाड़ा जिले के लिए मां वाड़ी लाने की बात करी जिससे नयी पंचायत और नये वार्ड बने हे जहा पर कच्ची बस्ती है जिससे हर वर्ग की महिलाओं और बच्चों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले और जो बच्चे विधालय नहीं जा रहे हैं उन बच्चों को बालवाड़ी के माध्यम से शिक्षित किया जा सके इस अवसर पर तलवाडा प्रधान निर्मला मकवाना पंचायत समिति सदस्य संतु चरपोटा जिला परिषद सहकार भारती जिला संयोजक कुसुम जोशी आदि महिला उपस्थित रहे ये जानकारी मिडिया प्रभारी वीभा चक्रवर्ती ने दी

ज्यूस की दुकान में चोरी की वारदात का पर्दाफाश

# वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल जब्त, चोरी का सामान बरामद

मरुधर विशेष

**कोटपूतली।** निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने ग्राम नारेहड़ा में एक ज्यूस की दुकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये नकबजनी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम नारेहड़ा निवासी पीड़ित खेमचंद सैनी ने दर्ज करवाया था कि उसकी नारेहड़ा स्टैण्ड पर ज्यूस की दुकान है। जिसमें 10 माह के अन्दर तीन बार चोरी हो गई है। विगत 31 दिसम्बर के बाद 30 मार्च की रात्रि को फिर से चोरी हो गई। जिसमें ज्यूस की 03 मशीनें, इंवेटर मय बैट्री, कोल्ड ड्रिंक के कार्टुन, गुटखा के पैकेट, रेडबूल के कॉर्टुन व नमकीन के पैकेट आदि भी चोरी हो गये। साथ ही 10 हजार 300 रूपये की नकदी भी पार कर ली। इस पर पुलिस ने मामले की गहनता से जाँच कर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करते हुये तलाश शुरू की। इस सम्बंध में ग्राम पंवाला राजपूत निवासी मनोज पुत्र रामचन्द्र गुर्जर को दस्तयाब कर गहनता से पुछताछ की तो उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर वारदात को अन्जाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके ईशारे पर चोरी किये गये माल में से दो ज्यूसर मशीन, दो मिक्सी इर्न्वटर की बैट्री समेत अन्य सामान बरामद करते हुये वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को भी जप्त किया है। अभियुक्त से अन्य वारदातों का पता लगाने के सम्बंध में अनुसंधान करते हुये घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है।

# आज हनुमान जयंती है ..मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाडा का 730 वा भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ व 5भजन संध्या का आयोजन

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** हनुमान जयंती के पावन पवित्र पर्व पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पेट्रोल पंप स्थित हनुमान मंदिरंके प्रांगण में शनिवार को मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाडा का 730 वा भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन हुआ। पुजारी द्वारा हनुमान जी व महादेव का मनोहारिक श्रृंगार किया। रामजी व हनुमानजी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर पुष्प माला पहनाकर पूजा अर्चना करने के बाद जितेन्द्र सुथार ने गणपति पूजन व जितेन्द्र भट्ट ने सरस्वती वंदना करने के बाद सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का गान जितेन्द्र कलाल व सौरभ भट्ट द्वारा की गईं। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष किशोर भावसार ने आज हनुमान जयंती है....... चेतन गोगरोत ने आवी सोना नि नगरी वारो देव मारो द्वारिका वारो..... जुगलकिशोर ने मारो बेड़ो लगा दियो पार बजरंग बाला जी..... नकुल गोगरोत ने क्यों करते हो तेरा मेरा अंत समय तो संग कुछ ना जाएगा.........प्रीतम पंचाल ने है धन्य तेरी माया जग में ओ दुनिया के रखवाले ...... सुरेश चंद्र भट्ट ने प्रभु आप हों जिंदगी देने वाले .........सहित कई मधुर भजनों पर व भावेश खींची के ऑर्गन के मधुर स्वर लहरियों के साथ ही नकुल गोगरोत के द्वारा ढोलक की थाप पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। विभिन्न वाद्ययन्त्रों पर उत्तम पंचाल, हेमंत भट्ट,अशोक वैष्णव,प्रकाश सुथार,राहुल भगत, धार्मिक पंचाल,रमेश जोशी,भगू दर्जी ने संगत दी। हनुमान चालीसा का पाठ नरेश भट्ट शिवलहरी द्वारा करने के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा उतार कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुकेश तिवारी दीपक तंबोली, आशीष चौबीसा सेलोता, रमेश बुनकर,मनोज अहारी, महेश पुरोहित, बंसीलाल, भंवर सुथार,नवीन कलाल सहित भावसार ,सोमपुरा, मोची,सेवक,पंचाल,ब्राह्मण, दर्जी समाज के पंच, महानुभाव व मातृशक्ति के साथ आसपास क्षेत्र के कई धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।मीडिया जगत से जुड़े इन सम्मानित सदस्यों का मानस मंडल के द्वारा माला,उपराना व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया जिसमें अमरीश त्यागी राजस्थान पत्रिका,अखिलेश पंड्या दैनिक भास्कर,सुशील पंचाल अर्जेंट टाइम्स हेमराज जोशी प्रातःकाल सुभाष जैन वागड़ दूत,राकेश खींची मेरा सागवाड़ा, साथ ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनिल अंचल अहम सच,जितेंद्रसिंह चौहान सागवाड़ा लाइव,राजू बर्तन वाला एकता समाचार, योगेश पंड्या दर्शन डिजिटल सागवाड़ा में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठनो जिसमें नारायणलाल बनोत अध्यक्ष गणेश मंडल,विश्वनाथ पंड्या पूर्व अध्यक्ष पेंशनर समाज कुबेरलाल जोशी मोहनलाल भट्ट समाजसेवी रवींद्र सुथार अध्यक्ष आठ चौखला सुथार समाज,बदामीलाल अहारी, शंकरलाल, नारायण लाल एकलव्य भील सेवा संस्थान, राजू भाई पंड्या भिलूड़ा का भी सम्मान किया।

# देवल में हनुमान जन्मोत्सव पर हुई भजन संध्या



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ :** डूंगरपुर में ग्राम देवल में हनुमान मंदिर चौक पर विभिन्न पूजा अर्चना व शोभायात्रा व महाप्रसाद के साथ श्री रामदेव भक्ति लहर द्वारा भव्य भजन संध्या समारोह हुआ जिसमें भजन गायक लक्ष्मीकांत जेठवा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी पूर्व में समस्त ग्राम वासियों द्वारा सामूहिक आरती का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। भजनों की श्रृंखला में गणेश वंदना मे तने सिमरु गजानंद देवा, बजरंग बाला हो अंजनी के लाल हो, दुनिया चले ना श्री राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, हेलो मारो सुन जो रुणिचा रा राजा, छोटी छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल छोटो सो मेरो मदन गोपाल, दीवाना तेरा आया बाबा तेरी नगरी में, तथा गरबा गायन की प्रस्तुति पर महिलाओं ने भक्ति व श्रद्धा के साथ नृत्य करते हुए झूमे। तबले पर ओमप्रकाश जेठवा, सिंथौसाइजर पर जीतू, ढोलक पर पवन कुमार, व विनायक लोहार, ऑक्टोपैड पर गजेंद्र, मेवाड़ के वादक गण तथा कोरस पर अनिल खोईवाल व रविकांत जेठवा, झंकार पर पिनांक जेठवा, व पीयूष जोशी ने संगत दी।देर रात्रि तक हनुमान सेवा युवा मंडल देवल के भक्त गणो ने झूमते हुए भजनों का आनंद लिया।

# आज रक्त दान शिविर विप्र फाउंडेशन द्वारा अम्बेडकर सर्कल पर

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा 14 अप्रेल बाबा साहेब अम्बेडकर जन्म दिवस पर अम्बेडकर सर्कल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी ने देते हुए बताया इस शिविर हेतु सपना फाउंडेशन,पंच धोबी सेवा सस्थान, बंजारा सेवा सस्थान,सर्व सनातन जागरण मंच,सनातन धर्म सभा सहयोगी सस्थान के रूप मे साथ है। रक्त संग्रह के लिए महात्मा गाँधी अस्पताल की टीम नरेंद्र बघेल के नेत्रत्व मे रहेगी वही रक्त दान शिविर सवेरे 9.30 से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती " सामाजिक समरसता दिवस"डूगरा छोटा में

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह सामाजिक समरसता दिवस के रूप में जिले की शिक्षक संघ राष्ट्रीय की सभी उप-शाखाओं में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। उपशाखा कुशलगढ़ के अध्यक्ष पृथ्वीसिंह पडवाल एवं मंत्री कन्हैयालाल निनामा तथा सज्जनगढ़ उपशाखा के अध्यक्ष प्रवीण कुमार माली एवं मंत्री मनीष डिंडोर ने बताया की संगठन ने इस बार तय किया है कि जिला स्तरीय समारोह के स्थान पर कार्य का विकेंद्रीकरण करते हुए राजस्थान के सभी जिलों में बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में दो या तीन उप-शाखाएं संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित करेगी उसी श्रृंखला में उपशाखा सज्जनगढ़ एवं कुशलगढ़ का संयुक्त सामाजिक समरसता समारोह डूगरा छोटा के शान्ति कुटी स्थान पर ठीक 10.00 बजे प्रारम्भ होंगा। समाज में समरसता का भाव जागृत हो सभी भाइचारे के साथ देश के समग्र विकास में योगदान दे। इसी भाव से यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डूगरा छोटा के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विधा भारती बांसवाड़ा के जिला सचिव ललित कुमार दवे का बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर पाथेय प्राप्त होगा। इस हेतु आज जिला सभाध्यक्ष दिग्पाल सिंह राठौड़, बलवंत सिंह, जसवंत सिंह मेरावत, कलसिंह मच्छार, जसवंत सिंह भरपोडा प्रवीण कुमार माली, पृथ्वीसिंह पडवाल आदि ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया ।।

# पंजाबी सभा खैरथल की ओर से धूमधाम के साथ मनाया गया बैसाखी पर्व, लंगर का हुआ आयोजन

**हजारों लोगों ने प्रसाद चखा,इन्द्रा हैप्पी स्कूल खैरथल के बच्चों ने दी सेवाएं**

मरुधर विशेष



**विजय सिंह /मोहम्मद शकील खैरथल ।** खैरथल पंजाबी सभा खैरथल की ओर से रविवार को माया कॉलोनी पंजाबी भवन में विशाल भव्य लंगर का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद चखा । मीडिया प्रभारी पंकज खुराना ने बताया कि पंजाबी सभा खैरथल की ओर से बैसाखी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर विशाल भव्य लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सुबह 5 बजे से ही सेवादारों ने अपनी सेवा देकर लंगर बनाया सुबह 9:30 बजे सुखमणि साहब का पाठ रखा गया इसके पश्चात 12:30 बजे लंगर प्रारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पंजाबी सभा खैरथल के अध्यक्ष कपिल शर्मा,सचिव पंकज खुराना,ओम प्रकाश अरोड़ा,कश्मीरी लाल छाबड़ा,पी.एल बांगा,डॉक्टर जितेंद्र तनेजा,महेश भल्ला,महेंद्र छाबड़ा,जसपाल सिंह मक्कड़,सुनीत तनेजा, ईशान ढींगरा,रिंकू वासुदेव,प्रतीक वासुदेव, गोकुल, बनवारी लाल कालरा ,नितिन कालरा, सुरजीत मदान,भारत भूषण,मोनू ढींगरा, विक्की वासुदेव,नीरज मदान,प्रेम भल्ला, हरीश छाबड़ा,किशन तनेजा,मुखी गोविंद राम सोनी आदि मौजूद रहे। इस दौरान इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल के बच्चों ने भी लंगर सेवा में सहयोग किया। इस मौके पर अनमोल,लव,वंश खुराना, केशव,मयंक शर्मा, मयंक सैन,साहिल,अंकित,रितेश भगतानी द्वारा की दी गई सेवा कार्य की सभी समाज के लोगों सहराना की। लंगर में हजारों लोगों ने प्रसाद चखा। समाज के मुखी ने सभी को सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया।

# राजेंद्र प्रसाद लाटा बने ब्राह्मण समाज अध्यक्ष

मरुधर विशेष




**बानसूर** क़स्बे के परशुराम भवन में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पद के चुनाव पूर्व अध्यक्ष पीयूष पुरोहित की देखरेख में संपन्न हुए हैं। जिसमें सर्वसम्मति से राजेंद्र प्रसाद लाटा को ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया इस मौके पर उपस्थित विप्र बंधुओ ने अध्यक्ष का माला एवं साफा बांधकर स्वागत किया। इस दौरान भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल ढांचौलिया,बसंत शर्मा, एडवोकेट सुभाष जोशी, विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व एक्सईएन सज्जन मिश्रा, रामानंद दीक्षित, नरहरि शर्मा, मनोज दीक्षित, महेश ढाचोंलिया, विजय महर्षि,एडवोकेट संकेत लाटा, विकास जोशी, गोविंद सिंह गौड़,, राजेश शर्मा, अजय शर्मा सहित विप्र बंधु मौजूद रहे।

# शहरो में सीटे खाली ,फिर भी ग्रामीण क्षेत्र में लगाए प्रिंसिपल

## शहरी क्षेत्र में प्रिंसिपल के पास सरकारी योजनाओ का प्रभार , यूसीईईओ ,प्रतियोगी परीक्षाओं के संचालन का कार्यभार एवं नामांकन ज्यादा फिर भी पद रखे गए खाली

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ा।हाल ही में प्रधानाचार्य के तकरीबन 8 हजार रिक्त पद होने के बावजूद महज 4850 पद ही खोले गए जबकि शहर एवं बड़े कस्बो के पदों को नहीं खोला गया ।जिसके कारण कई प्रधानाचार्यो को दूरस्थ क्षेत्र में पदस्थापन मिला।

राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष अनिल पंड्या एवं जिला संगठन मंत्री गमीरचंद पाटीदार ने कहा कि रिक्त पद होने के बाद भी केवल आधे पद खोलकर काउंसिलिंग करना नव पदोन्नत प्रधानाचार्यो के साथ अन्यायपूर्ण कदम है। पदोन्नति के समय शहर एवं उसके आसपास के रिक्त पदों को नहीं खोलना तथा बाद में ऐसे पदों को स्थानातरण से भरना अप्रत्यक्ष रूप से काउंसिलिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।आखिर में पूरे पद क्यो खोले नहीं जाते।पूरे पद खोलने के बाद काउंसिलिंग से पद भरकर शेष पदों को ट्रांसफर से भरा जा सकता है।अथवा आगामी समय मे होने वाली नवीन भर्ती एवं पदोन्नति से भी तत्कालीन रिक्त पदों को भरा जा सकता है।

संगठन मंत्री गमीरचंद पाटीदार ने कहा कि राज्य में 18 जिलो में काउंसिलिंग के पदों की तुलना में पदोन्नत प्रधानाचार्य अधिक है।वहीं 15 जिलो में प्रधानाचार्यो की संख्या तुलना में पद ज्यादा है। ऐसे में कई जिले ऐसे है जो अब नए जिले में चले गए है और काउंसिलिंग में पुराने ही बताये है।

काउंसलिंग में कम खोले गए पदों वाले जिले

प्रदेश के भीलवाड़ा में संभागियों की तुलना में 9 पद कम खोले गए। इसी तरह अलवर में 92, पाली में 12, चित्तौड़गढ़ में 6, अजमेर में 91, सीकर में 66, चूरू 58, राजमसंद में 11, गंगानगर में 38, करौली में 25, दौसा में 24, हनुमानगढ़ में 18, बूंदी में 11, जयपुर 250, सवाई माधोपुर में 20, टोंक में 28, झुंझुनूं में 145 व कोटा में 69 पद संभागियों की तुलना में कम खोले गए।

इन जिलों में अधिक नियुक्त हुए प्रधानाचार्य

प्रदेश के 15 जिलों में संभागियों की तुलना में अधिक पद खोले गए। ऐसे में मजबूरी में अपने जिले में पद नहीं होने पर प्रधानाचार्य बनने वालों को वह विकल्प चुनना पड़ा। प्रदेश के बाड़मेर में संभागियों की तुलना में 518, उदयपुर में 142, जालोर में 165, बांसवाड़ा में 145, जोधपुर में 81, डूंगरपुर में 98, जैसलमेर में 151, प्रातपगढ़ में 158, नागौर में 2, बारां में 123, झालावाड़ में 45, भरतपुर में 6, डूंगरपुर में 83, बीकानेर में 4, सिरोही में 36 पद संभागियों की तुलना में अधिक खोले गए थे। पीइइओ वाले स्कूल तक नहीं किए शामिल

कई पीइइओ वाले स्कूल काउंसलिंग में शामिल नहीं किया है, जबकि एकल स्कूल को काउंसलिंग में शामिल कर दिया गया। प्रधानाचार्य की जरूरत पीइइओ स्कूल में अधिक होती है। उसके अधिनस्थ और भी स्कूल होते हैं। ऐसे में उक्त काउंसलिंग पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

जिलाध्यक्ष अनिल पंड्या ने कहा कि पदोन्नत प्रधानाचार्यो में से कई प्रधानाचार्य पूर्व के विद्यालय में जहां पदस्थापित थे वहां प्रिंसिपल का पद रिक्त था।वहाँ नामांकन भी अधिक था। पीईईओ एवं यूसीईओ का दायित्व भी था किंतु ऐसे रिक्त पदों को काउंसिलिंग में नहीं खोला गया जो अव्यवहारिक है। पंड्या ने कहा कि आजकल एक पैटर्न बना दिया है कि पदोन्नत करए ही पहले उन्हें यथावत पदस्थापन दे दिया जाता है तथा बाद में काउंसिलिंग कर पदस्थापन प्रदान किया जाता है जिससे कार्मिको को इच्छित स्थान नहीं मिलने पर फोरगो का अवसर भी छीन लिया जाता है। महासंघ काउंसलिंग प्रक्रिया को कर्मचारी हितार्थ बनायी जावे। आसपास के रिक्त पदों को खोलने से परहेज करने फोरगो का अवसर छीन लेने तथा जहां से कर्मचारियों को अन्यत्र पदस्थापित किया है वहाँ पुनः ट्रांसफर से सीट भरने की प्रक्रिया को बंद कर काउंसिलिंग पद्धति को पारदर्शी बनाने की मांग की है।

पदस्थापन से पहले केवियट लगाना अनियमितता का संकेत

महासंघ के श्री गमीरचंद पाटीदार ने कहा कि पदोन्नत प्रधानाचार्य पदस्थापन से पहले हाई कोर्ट से केवियट लगाना काउंसिलिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है तथा अनियमितता होने का संकेत देता है।अगर समस्त प्रक्रिया सही है तो केवियट की कोई जरूरत नहीं। ये जानकारी अनिल पंड्या ने दी।

# आज भाजपा मंडल नींमुचाना के द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर दीपदान स्वच्छता कार्यक्रम ग्राम बिलाली में आयोजित किया गया



मरुधर विशेष

**जिसमें** मंडल अध्यक्ष कांता सत्येंद्र शर्मा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक देवी सिंह शेखावत एवं जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर नीलम यादव रही मंडल प्रभारी नीलम यादव ने भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला एवं विधायक देवी सिंह शेखावत ने भी भीमराव अंबेडकर कि भारत में संविधान पर प्रकाश डाला इस दौरान हंसराज सरपंच प्रतिनिधि बिलाली विजय गोठवाल देवी सिंह सरपंच किरण संदीप पार्षद कबूलचंद वर्मा सरपंच गुर्जर रामावतार सैनी सरपंच पप्पू राम सैनी भारत सिंह आदि मंडल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वेंणोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो. 9653906665, 7014373732